भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **1274** जिसका उत्तर
मंगलवार, 10 फरवरी, 2026 (21 माघ, 1947 (शक)) को दिया जाना है

ओडिशा में बंदरगाह से अंतर्देशीय संपर्क और बंदरगाह-आधारित विकास

1274 श्री शुभाशीष खुंटिया :

क्या **पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने ओडिशा के प्रमुख बंदरगाहों, जिसमें पारादीप, धामरा और गोपालपुर शामिल हैं, तक सड़क, रेल और मल्टी मॉडल अंतर्देशीय संपर्क मजबूत करने के लिए कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं;

(ग) क्या इस संपर्क से संभार तंत्र संबंधी लागत में कमी, बंदरगाह आधारित औद्योगिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और ओडिशा में स्थानीय जनसंख्या के लिए रोजगार सृजन पर पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में कोई मूल्यांकन या अनुमान लगाया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ख): सरकार ने पारादीप, धामरा और गोपालपुर सहित ओडिशा में पत्तनों की भीतरी क्षेत्रों से संपर्कता को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न संपर्कता परियोजनाए शुरू की हैं। इनमें राष्ट्रीय राजमार्गों का उन्नयन और चौड़ीकरण, नई और अतिरिक्त रेल लाइनें, स्वत: संकेतन (auto signalling), रेल ओवर ब्रिज, जलमार्ग संपर्कता और मल्टी- मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क शामिल हैं। ओडिशा में पत्तनों की सड़क और रेल संपर्कता को सुदृढ़ करने के लिए पूर्ण, कार्यान्वयनाधीन और नियोजन के तहत परियोजनाओं की सूची अनुबंध पर उपलब्ध है।

(ग) से (घ): संपर्कता परियोजनाओं के कार्यान्वयन से लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आती है, पत्तन-आधारित औद्योगीकरण, आर्थिक विकास, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोज़गार सृजन को बढ़ावा मिलता है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, समय-समय पर व्यापक पत्तन संपर्कता योजना (सीपीसीपी) के तहत सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) एवं रेल मंत्रालय (एमओआर) के साथ सभी पत्तन सड़क-रेल संपर्कता परियोजनाओं, जिनमें ओडिशा की परियोजनाएं भी शामिल हैं, की व्यापक समीक्षा और समेकन करता हैं।

अनुबंध

ओडिशा राज्य में पत्तन संपर्कता परियोजनाएं

क्र. सं.	परियोजना का नाम	पत्तन	स्थिति
1	एमसीएचपी क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए सड़क सह फ्लाईओवर क्रासिंग बीओटी रेल ट्रैक	पारदीप	पूरा हो गया है।
2	दुबुरी और पानीकोइली के बीच सड़क संपर्कता	पारदीप	पूरा हो गया है।
3	जखापुरा से हरिदासपुर तक तीसरी रेलवे लाइन	पारदीप	पूरा हो गया है।
4	जजपुर और सुकिंदा रेलवे स्टेशनों के बीच नया रेल लाइन पुल	पारदीप	पूरा हो गया है।
5	रजतगढ़ से बरंग तक रेल लाइन का दोहरीकरण	पारदीप	पूरा हो गया है।
6	झारसुगुड़ा से बरपल्ली तक नई रेल लाइन	पारदीप	पूरा हो गया हैं।
7	हरिदासपुर से पारादीप तक नई रेल लाइन	पारदीप	पूरा हो गया है।
8	टिटलागढ़ से संबलपुर तक रेल लाइन का दोहरीकरण	पारदीप	पूरा हो गया है।
9	अंगुल से सुखिंडा तक नई रेल लाइन	पारदीप	पूरा हो गया है।
10	पारादीप में बीओटी बर्थ के लिए रेल संपर्कता का विकास	पारदीप	पूरा हो गया हैं।
11	टिटलागढ़ से होते हुए रायपुर-विशाखापत्तनम में भीड़ कम करना	पारदीप	पूरा हो गया है।
12	संबलपुर से तलचर तक रेल लाइन का दोहरीकरण	पारदीप	पूरा हो गया है।
13	बंसपानी-दैतरी-तोमका-जाखपुरा का दोहरीकरण	पारदीप	पूरा हो गया है।
14	रा.रा.-53 के रास्ते डुबुरी-चंडीखोल-पारादीप का 4 लेन उन्नयन	पारदीप	कार्यान्वयनाधीन
15	तीसरी रेल लाइन भद्रक - विजनागाग्राम	पारदीप	कार्यान्वयनाधीन
16	सिजू-पारादीप के बीच फ्लाईओवर - 6.2 किमी	पारदीप	कार्यान्वयनाधीन
17	धनमंडल और चंडीखोल के बीच कॉर्ड रेल लाइन	पारादीप	कार्यान्वयनाधीन
18	रजतगढ़ के रास्ते बुधापंक- सालेगांव तक तीसरी और चौथी रेल लाइन	पारादीप	कार्यान्वयनाधीन
19	भद्रक - नेरगुंडी के बीच तीसरी रेल लाइन	पारादीप	कार्यान्वयनाधीन
20	जरपाड़ा - बुधपांक के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन और तलचेर में फ्लाईओवर	पारादीप	कार्यान्वयनाधीन
21	नई रेल लाइन तालचेर-बीमलागढ़	पारादीप	कार्यान्वयनाधीन

क्र. सं.	परियोजना का नाम	पत्तन	स्थिति
22	ब्रह्मणी और महानदी नदी पर तलचर से धामरा एवं पारादीप और पारादीप-धामरा से पंकपाल तक रा.ज. -5 (चरण-1) का विकास	पारादीप, धामरा	कार्यान्वयनाधीन
23	हरिदासपुर-पारादीप रेल लाइन का दोहरीकरण	पारादीप	नियोजन के अधीन
24	अमरदा सड़क स्टेशन से सुबर्णरेखा पत्तन तक रेलवे अवसंरचना का विकास	सुबर्णरेखा	नियोजन के अधीन
25	रा.रा. -16 पर छत्रपुर से गोपालपुर पत्तन तक सड़क संपर्कता का विकास	गोपालपुर	नियोजन के अधीन
26	दुबुरी-बामनीपाल-केओंझर कॉरिडोर के लिए रा. रा. 720 का 4 लेन तक उन्नयन	पारादीप पत्तन	नियोजन के अधीन
27	रा.रा. -16 पर बसुदेवपुर के मार्ग से जमुझरी से ढामरा तक सड़क संपर्कता	ढामरा	नियोजन के अधीन
28	पारदीप पत्तन पर दूसरे निर्गम के रूप में सड़क-सह फ्लाईओवर	पारादीप	नियोजन के अधीन
29	टंगी से पारदीप तक सड़क का 4 लेन तक उन्नयन	पारादीप	नियोजन के अधीन

****